# प्रेस विज्ञप्ति

**एशियन गेम्स में ऐश्वर्य की 'सटीक निशानेबाजी', भारत के खाते में आया रजत**

**मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में दिखाया दम**

**नीरज कुमार और रुद्रांक्ष पाटिल के साथ भारतीय टीम ने हासिल किया दूसरा स्थान**

**भोपाल | 25 सितंबर 2026**

एशियन गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश की निशानेबाजी प्रतिभा ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य ने नीरज कुमार और रुद्रांक्ष पाटिल के साथ मिलकर भारत को यह पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**1762-94x स्कोर के साथ भारत दूसरे स्थान पर**

भारतीय टीम ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा में 1762-94x का शानदार स्कोर हासिल किया। टीम ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग–तीनों पोजिशन में निरंतरता और सटीकता के साथ निशाना साधते हुए रजत पदक सुनिश्चित किया। चीन ने 1766-95x के स्कोर के साथ स्वर्ण और दक्षिण कोरिया ने 1751-87x के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

**ऐश्वर्य की सटीक निशानेबाजी ने बढ़ाया मध्यप्रदेश का गौरव**

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने टीम स्पर्धा के साथ व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 589-34x का स्कोर दर्ज करते हुए क्वालिफिकेशन में तीसरा स्थान हासिल किया और

व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐश्वर्य का यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश की निशानेबाजी प्रतिभा का शानदार उदाहरण है।

**अकादमी की मेहनत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान**

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की यह उपलब्धि प्रदेश में विकसित किए जा रहे उच्चस्तरीय खेल प्रशिक्षण और प्रतिभा संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ऐश्वर्य ने अपने प्रदर्शन से न केवल भारतीय टीम की सफलता में योगदान दिया, बल्कि मध्यप्रदेश को भी गौरवान्वित किया है।

**खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्य का शानदार प्रदर्शन देश और प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी उपलब्धि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है।

**अब आशी चौकसे पर टिकी निगाहें**

एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। 26 सितंबर को अकादमी की खिलाड़ी आशी चौकसे 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन टीम इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्य की उपलब्धि के बाद अब आशी से भी देश और प्रदेश को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। आशी की स्पर्धा को लेकर खेलप्रेमियों की निगाहें भी टिकी रहेंगी।

**खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जताया गर्व**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश की ओर से ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई। विभाग को विश्वास है कि ऐश्वर्य इसी तरह अपनी प्रतिभा, मेहनत

और सटीक निशानेबाजी के दम पर आने वाले अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी देश और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

